हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री...



07 मासूम की थाली में छलावा, पोषण के नाम पर पानी...



खबर संक्षेप

खेत पर घास काटने गई महिलाओं का वीडियो बनाने का आरोप

सीहोर। क्षेत्र के ब्रजिश नगर में खेत पर घास काटने गई दो महिलाओं का कथित तौर पर बिना अनुमति वीडियो बनाने और विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला सुनीता बाई पति मनोहर सिंह और ललिता बाई पति भगवत सिंह ने एक युवक पर अभद्र व्यवहार करने, हमला करने और पूर्व में भी कई बार विवाद करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, 24 अक्टूबर को सुनीता बाई और उनकी देवरानी ललिता बाई खेत पर घास काटने गई थीं। इसी दौरान एक युवक कथित तौर पर उनका वीडियो बनाने लगा। महिलाओं ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने और मारपीट पर उतारू हो गया। घटना के दौरान विवाद बढ़ने पर सुनीता बाई के देवर का भी युवक से विवाद हो गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा पहले भी कई बार विवाद किया जा चुका है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि इस घटना के बाद वे मानसिक रूप से परेशान हैं और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता सता रही है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि घटना की जानकारी इच्छावर थाने में देने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी। पीड़ित महिलाओं ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

डरें नहीं, समस्याएं साझा करें : एएसपी

सीहोर। युवाओं को कानून, सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा सृजन संवाद कार्यक्रम-2026 आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश शासन के पुलिस विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में करीब 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इसमें साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों, आपराधिक न्याय व्यवस्था, नशामुक्ति और आपातकालीन सहायता की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. नितिन बातव ने कहा कि युवावस्था व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझने का महत्वपूर्ण चरण है। कानून और सुरक्षा संबंधी जानकारी विद्यार्थियों को जागरूक, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होती है। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने कहा कि विद्यार्थी पुलिस से भयभीत होने के बजाय अपनी समस्याएं साझा करें।

राहत भरी खबर: हाउसिंग बोर्ड ब्रिज बनकर तैयार, जाम और धूल से मिलेगी मुक्ति

निर्माण एजेंसी बोली काम कम्प्लीट, अब जनप्रतिनिधि तय करेंगे लोकार्पण की तारीख

ब्रिज कॉर्पोरेशन की हरी झंडी, दोनों तरफ डामर बिछा, महज सफेद पट्टियों की पेंटिंग बाकी, 4-5 दिन में फिनिशिंग कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के पुराने इंदौर-भोपाल मार्ग पर रोजाना सफर करने वाले हजारों वाहन चालकों के लिए आखिरकार लंबे इंतजार के बाद राहत भरी खबर आई है। बीते दो-ढाई सालों से जारी धूल के गुबार, गड्ढों, कीचड़ से जूझ रही जनता का सब्र अब रंग लाने वाला है। सीहोर का बहुप्रतीक्षित हाउसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य ब्रिज कॉर्पोरेशन की ओर से पूरी तरह कम्प्लीट कर लिया गया है।

ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार ब्रिज के दोनों ओर डामरीकरण का काम शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। अब केवल सड़क के बीचों-बीच सफेद रंग की पट्टियां खींचने (लेन मार्किंग और पेंटिंग) का काम बाकी रह गया है। कॉर्पोरेशन ने साफ कह दिया है कि उनकी तरफ से तकनीकी और मैदानी काम खत्म हो चुका है। अब यह पूरा मामला स्थानीय जनप्रतिनिधि यानी विधायक और जिला प्रशासन के हाथ में है कि वे इसका आधिकारिक लोकार्पण कब तय करते हैं और आम जनता के लिए ट्रैफिक की शुरुआत कब से होती है।

ईरान-इजराइल युद्ध के कारण लेट हुआ काम

सीहोर के पुराने इंदौर-भोपाल रोड पर स्थित हाउसिंग बोर्ड फाटक (गेट नंबर 104) और फंदा फटक (गेट नंबर 107) पर दो ओवरब्रिजों का निर्माण कार्य जनवरी 2024 में शुरू हुआ था। टेंडर और एग्रीमेंट के अनुसार 18 महीने की समय-सीमा तय की गई थी, जिसके तहत इसे जून-जुलाई 2025 तक पूरा होना था। काम पूरा न होने पर इसकी समय सीमा बढ़ाकर 25 दिसंबर 2025 और फिर जनवरी 2026 प्रस्तावित की गई। निर्माण के अंतिम दौर में ईरान-इजराइल युद्ध के चलते डामर की आपूर्ति बुरी तरह ठप हो गई। डामर उपलब्ध न होने के कारण डामरीकरण रुक गया और पूरी परियोजना लगभग 4 महीने पीछे खिसक गई। हालांकि हाल ही में सामग्री की आपूर्ति बहाल होते ही कॉर्पोरेशन ने तेजी से काम कर इसे अंतिम रूप दिया।

राहगीरों को उठाना पड़ परेशानी

ब्रिज निर्माण के दौरान बीते ढाई वर्षों में शहर की जनता और राहगीरों ने कष्ट झेला है। बारिश के मौसम में डायवर्जन और आजू-बाजू वाली कच्ची सडक़ों पर इतना कीचड़ हो जाता था कि दोपहिया वाहन चालक रोजाना फिसलकर हादसों का शिकार होते थे। हालात यह थे कि एप्रोच रोड बनवाने के लिए स्थानीय निवासियों को उग्र विरोध प्रदर्शन करना पड़ा और सडक़ पर बैठकर यज्ञ तक करना पड़ा, तब जाकर कहीं एप्रोच रोड का काम शुरू हो सका था।

धूल से बेहाल हो रहे लोग

वर्तमान में अधूरी सडक़ से धूल के भारी गुबार उड़ रहे थे, जिससे आसपास के दुकानदार, रहवासी और राहगीर सांस की बीमारियों व आंखों की समस्या से परेशान थे। अब काम पूरा होने से लोगों ने राहत की सांस ली है और वे बेसब्री से सिर्फ ट्रैफिक चालू होने का इंतजार कर रहे हैं।

फंदा ओवरब्रिज भी होगा तैयार

ब्रिज कॉर्पोरेशन के सब इंजीनियर कैलाश वर्मा ने पूरे प्रोजेक्ट की स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि हमारी ओर से हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज का काम पूरी तरह से कम्प्लीट हो चुका है। दोनों तरफ डामर बिछा दिया गया है। सड़क के बीच में सफेद कलर की पट्टियां बनाने का काम शुरू है, जो महज 4 से 5 दिनों में फिनिश हो जाएगा। कुल मिलाकर हमारी ओर से यह ब्रिज हैंडओवर के लिए तैयार है। वहीं फंदा ओवरब्रिज पर भी डामर का काम पूरा कर लिया गया है। वहां केवल अंतिम चरण की फिनिशिंग बाकी है, जिसे महज महीने भर के भीतर कम्प्लीट कर दिया जाएगा।

लंबे चक्कर से मिलेगी निजात

बता दें इन दोनों ओवरब्रिजों का ट्रैफिक शुरू होते ही भोपाल-सीहोर आने जाने वालों को बाइपास की लंबी दूरी से निजात मिल सकेगी। अब तक वाहन चालकों को सैकड़ाखेड़ी बाईपास का 07 से 08 किलोमीटर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। ब्रिज शुरू होने से समय, ईंधन की बचत होगी। पुराने रूट पर दोनों रेलवे फाटक पर दिन भर में दर्जनों ट्रेनों की आवाजाही के दौरान वाहनों की किलोमीटर लंबी कतारें लग जाती थी, लेकिन ओवरब्रिज बनने के बाद यह दिक्कत समाप्त हो जाएगी।

अधिकारियों से होगी बात

विधायक सुदेश राय ने बताया कि इस संबंध में ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी, उनसे पूछा जाएगा कि अभी कितना काम और शेष है। काम पूरा होने व चर्चा के बाद ही जनहित में ब्रिज पर ट्रैफिक की शुरुआत की जाएगी।

उर्वरक, कीटनाशक, बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने दल गठित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के लिए जिला स्तरीय गुणवत्ता नियंत्रण उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। यह दल रबी सीजन 2026-27 के लिए गठित किया गया है। दल द्वारा जिले में कृषि आदान विक्रय करने वाले निजी एवं सहकारी क्षेत्र के विक्रय केंद्रों, बीज उत्पादक सहकारी समितियों तथा बीज कंपनियों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं बीज की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दल के प्रभारी अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में निरीक्षण करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों से उर्वरक के 65 और बीज के 105 नमूने जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजे जा चुके हैं। विभाग के अनुसार वर्तमान में जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला स्तरीय दल में सहायक संचालक कृषि अनिल कुमार जाट, दल प्रभारी अधिकारी भारतसिंह देवड़ा सहित संबंधित विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व सहायक कृषि विकास अधिकारी शामिल रहेंगे।

भ्रमण के दौरान ग्राम पर्यटन खारी पहुंचे 50 विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल के द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस (बीएसएसएस) कॉलेज के अर्थशास्त्र विषय के 50 विद्यार्थियों ने ग्राम पर्यटन खारी का शैक्षणिक भ्रमण किया। एक दिवसीय प्रवास के दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीण जीवनशैली, स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को करीब से जाना। साथ ही ग्राम पर्यटन और होमस्टे से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आ रहे बदलावों और रोजगार की संभावनाओं का अध्ययन किया।

स्थानीय निवासी अर्जुन गौर ने बताया कि विद्यार्थियों ने गांव के होमस्टे में रात्रि विश्राम किया और प्राकृतिक वातावरण में ट्रैकिंग की। उन्होंने ग्राम पंचायत और सरकारी स्कूल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैलगाड़ी की सवारी कर पारंपरिक परिवहन का अनुभव लिया, वहीं चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाकर पारंपरिक शिल्प की बारीकियां समझीं। गांव में रोजगार के अवसरों का किया अध्ययन विद्यार्थियों ने जाना कि ग्राम पर्यटन और होमस्टे से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने, ग्रामीण संस्कृति को पहचान मिलने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावनाएं हैं। भ्रमण से उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला।

ट्राइडेंट लिमिटेड बुधनी का महामेगा सेल शुरू 10 दिन तक सस्ते दामों पर मिलेंगे ब्रांडेड उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा दिवाली मेले के रूप में महामेगा सेल का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को एसडीएम संजीव कुमार नागू के मुख्य आतिथ्य में 10 दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस बार मेले का आयोजन जनता की विशेष मांग पर 10 दिवसीय रखा गया है, जो 24 अक्टूबर से 02 नवंबर तक चलेगा। ट्राइडेंट प्रबंधन ने बताया कि मेले में कंपनी के विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता से निर्मित उत्पाद भारी डिस्काउंट के साथ उपलब्ध रहेंगे।



मेले में ये उत्पाद हैं उपलब्ध

मेला ग्राउंड में ट्राइडेंट की सिंगल बेडशीट, डबल बेडशीट, तौलिया, पिलो, पिलो कवर, दोहर, ब्लैंकेट एवं रजाई सहित सभी होम टेक्सटाइल उत्पाद आकर्षक छूट पर बिक्री के लिए रखे गए हैं। दिवाली और ठंड के सीजन को देखते हुए कंपनी ने रजाई और कंबलों पर विशेष ऑफर दिया है।

मनोरंजन और स्वाद का भी संगम

सिर्फ खरीदारी ही नहीं, मेले में मनोरंजन का भी पूरा ख्याल रखा गया है। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के लिए झूले, रंगारंग कार्यक्रम और खाने-पीने के स्वादिष्ट व्यंजनों की उत्तम व्यवस्था की गई है। पूरा मेला परिसर रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया है। मेले का समय प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक रखा गया है, ताकि नौकरीपेशा और आम लोग भी आसानी से मेले का लाभ ले सकें।शुभारंभ अवसर पर एसडीएम संजीव कुमार नागू ने कहा कि ट्राइडेंट द्वारा इस तरह के मेले का आयोजन स्थानीय लोगों के लिए काफी फायदेमंद है, जहां उन्हें विश्वस्तरीय उत्पाद फैक्ट्री रेट पर मिलते हैं।

आरएसएस के पथ संचलन में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा का दिखा अद्भुत संगम, जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस का पथ संचलन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता के संदेश के साथ निकाला गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों की अनुशासित कदमताल, एकरूपता और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण ने मार्ग में मौजूद लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पथ संचलन के दौरान वातावरण राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत नजर आया। विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने स्वयंसेवकों का स्वागत किया।

इसी क्रम में मारुति नंदन नवयुवक संगठन की ओर से पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का भव्य अभिनंदन किया गया। पथ संचलन के दौरान मारुति नंदन नवयुवक संगठन ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ओपी गूजर के नेतृत्व में सदस्यों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प बरसाकर उनका अभिनंदन किया। सभा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भी उपस्थित सैकड़ों स्वयंसेवकों को संबोधित किया।



इस दौरान संगठन के सदस्यों ने पथ संचलन को अनुशासन, संगठन शक्ति और सेवा भावना का संदेश देने वाला आयोजन बताया। मारुति नंदन नवयुवक संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ओपी गूजर ने कहा कि देश की प्रगति और समाज की मजबूती के लिए युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा भावना का जागृत रहना आवश्यक है। युवाओं की ऊर्जा जब सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ती है, तो समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। शहर के प्रमुख मार्गों से निकले पथ संचलन का समापन बड़ा बाजार में आयोजित सभा के साथ हुआ। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित किया। पूरे आयोजन में अनुशासन, संगठन और राष्ट्रसेवा का भाव प्रमुखता से दिखाई दिया।

मारुति नंदन नवयुवक संगठन द्वारा किए गए पुष्पवर्षा और स्वागत ने आयोजन में सहभागिता और सामाजिक सम्मान का संदेश दिया। मारुति नंदन नवयुवक संगठन की ओर से ओपी गूजर के नेतृत्व में संगठन के अन्य सदस्य मानस अग्रवाल, उमेश जोगी, भारत भावसार, राजेंद्र वर्मा, देवेंद्र विश्वकर्मा, अंश गूजर, नयन अग्रवाल, जितेंद्र गूजर, सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

कुबेरेश्वरधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं को वितरित की भोजन प्रसादी

शरद पूर्णिमा पर भगवान शिव, श्रीराम और श्रीकृष्ण के स्वरूपों का किया श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित श्री मुरली मनोहर मंदिर, कुबेरेश्वरधाम में रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर सुबह से ही धाम में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। विठलेश सेवा समिति की ओर से 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की और धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। महोत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को कर्तव्यपालन, सदाचार और निस्वार्थ कर्म का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपना कर्तव्य पूरी ईमानदारी, निष्ठा और अहंकार रहित भाव से निभाता है, तो उसका कर्म भी भक्ति का स्वरूप बन जाता है। जीवन में केवल पूजा-पाठ ही नहीं, बल्कि अच्छे कर्म, सच्चा आचरण और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता भी आवश्यक है। कर्म के बिना भक्ति अधूरी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुबेरेश्वरधाम में विठलेश सेवा समिति की ओर से



विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। प्रसादी में खिचड़ी, रोटी-सब्जी, नमकीन और नुक्ती वितरित की गई। समिति के सेवाभावी सदस्यों ने श्रद्धालुओं को व्यवस्थित रूप से भोजन प्रसादी उपलब्ध कराने में सहयोग किया। इस सेवा कार्य में विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सेवादार शामिल रहे। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की। धार्मिक आयोजन के साथ सेवा और समर्पण का भाव भी देखने को मिला। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि मनुष्य को अपने कर्तव्यों से कभी विमुख नहीं होना चाहिए। केवल ईश्वर से सुख और समृद्धि की कामना करने के बजाय अपने आचरण को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। जीवन में दूसरों के प्रति दया, विनम्रता और सहयोग का भाव रखना भी भक्ति का ही एक रूप है। उन्होंने कहा कि मन में अहंकार और ईर्ष्या रखने से व्यक्ति अपने उद्देश्य से भटक जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्य, प्रेम और सदाचार को अपने जीवन में स्थान देना चाहिए। ईश्वर पर विश्वास रखते हुए अपने कर्म करते रहना चाहिए। जब व्यक्ति ईमानदारी से अपने दायित्व निभाता है और दूसरों के हित का ध्यान रखता है, तभी उसके जीवन में भक्ति और आध्यात्मिकता का वास्तविक महत्व दिखाई देता है। पंडित मिश्रा ने श्रद्धालुओं को प्रेरित किया कि वे धार्मिक आस्था के साथ-साथ अपने व्यवहार और कर्मों में भी सकारात्मकता लाएं। अच्छे कर्म, निस्वार्थ सेवा और विनम्रता को जीवन का हिस्सा बनाकर समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार शाम चार बजे से श्री मुरली मनोहर मंदिर में विशेष श्रृंगार के माध्यम से भगवान शिव के चंद्रमौली स्वरूप, प्रभु श्रीरामचंद्र और भगवान श्रीकृष्णचंद्र के दिव्य स्वरूपों की झलक एक साथ देखने को मिली। विठलेश सेवा समिति द्वारा इस पावन अवसर के लिए विशेष श्रृंगार किया गया था। मंदिर में भगवान के दिव्य स्वरूपों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह रहा। शरद पूर्णिमा के धार्मिक महत्व के अनुरूप मंदिर में भक्ति और आस्था का वातावरण दिखाई दिया।

सीहोर ने विदिशा को 90 रन से हराकर किया फाइनल में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर बीडीसीए के सहयोग से जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इंटर डिस्ट्रीक अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पहले मैच में सीहोर ने रायसेन को 190 रन के विशाल अंतर से हराया था, वहीं दूसरे मैच में सीहोर ने विदिशा के एक पारी और 90 रन की शानदार जीत दर्ज की है। इस मौके पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पर्यवेक्षक पुनित चतुर्वेदी, बीडीसीए पर्यवेक्षक मुजीदउद्दीन, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, चयनकर्ता आशीष शर्मा, निर्णायक नागेन्द्र व्यास, सीहोर टीम के कोच अतुल त्रिवेदी, आशीष मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा, आर्दश राय, मदन कुशवाहा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सीहोर और विदिशा के मैच में 8 विकेट हासिल करने वाले आर्यवर्धन ठाकुर और 60 रन की पारी खेलने वाले आनंद मेवाड़ा को पुरस्कार वितरण किया। सोमवार को सुबह साढ़े नौ बजे राजगढ़ और भोपाल के मध्य मैच खेला जाएगा।

खबर संक्षेप

चल समारोह में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

देवास। माँ दुर्गा विसर्जन मुख्य चल समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 1 लाख 60 हजार रुपये कीमत के छह स्मार्टफोन जब्त किए गए हैं। मामले में मोबाइल चोरी के छह प्रकरणों का खुलासा हुआ है। सीएसपी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह तक पहुंच बनाई गई।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में नीलेश सोलंकी और निखिल सोलंकी निवासी देवास सहित राज सोलंकी, जयसूर्या पवार, भगत सोलंकी, युवराज सोलंकी और नीलछाम सोलंकी निवासी उज्जैन शामिल हैं। दो बालक गुना और उज्जैन जिले के निवासी हैं। कोतवाली थाने में फरियादियों की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 754/2026 से 759/2026 तक, धारा 303(2) बीएनएस के तहत छह प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जब्त मोबाइलों में वनप्लस, सैमसंग, वीवो, ओप्पो, रियलमी और रेडमी कंपनियों के फोन शामिल हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और शेष चोरी के मोबाइलों की बरामदगी के संबंध में जांच कर रही है।

बिना अनुभव के किराए के लाइसेंस पर चला रहे मेडिकल स्टोर

अवैध रूप से संचालित हो रहे कई मेडिकल स्टोर अधिकारी नहीं कर रहे दुकानों की जांच-पड़ताल

मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्र में दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे है। इनमें से अधिकांश मेडिकल दुकानें अवैध रूप से बिना डिग्री व लाइसेंस अथवा किराए के लाइसेंस पर संचालित की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से मेडिकल दुकानों का संचालन किया जा रहा है। इनमें कई मेडिकल संचालक किराए पर लाइसेंस लेकर बिना डिग्री और अनुभव के लोगों को दवाईयां सप्लाई कर रहे है, जो रोगियों के लिए उनकी जान पर भी बन सकती है। लेकिन इसके बाद भी न तो प्रशासन इस ओर ध्यान दें रहा है। और ना ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस कारण इन मेडिकल संचालकों के होंसले बुलंद हैं। वह नियमों के खिलाफ अवैध रूप से मेडिकल दुकानों का संचालन कर रहे हैं। लोगों ने ऐसे मेडिकल दुकान संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्र में दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे है। इनमें से अधिकांश मेडिकल दुकानें अवैध रूप से बिना डिग्री व लाइसेंस अथवा किराए के लाइसेंस पर संचालित की जा रही है। नियमानुसार जिनके पास फार्मासिस्ट की डिग्री होती है वहीं मेडिकल दुकानों का संचालन कर सकता है। डिग्री धारक को ही दुकान संचालित करने का अधिकार है। लेकिन क्षेत्र में कई मेडिकल दुकानों पर फार्मासिस्ट की डिग्री के आधार पर दूसरे लोग दुकानों का संचालन कर रहे है। जिन्हें जांच दवाइयों का कोई अनुभव नहीं है। वहीं उनकी दुकानों पर कम पढ़ें लिखे व अनुभवहीन कर्मचारी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को दवाई, गोली सप्लाई कर रहे है। ऐसे में कई बार यह लोग डॉक्टर की पर्ची पर लिखी दवाई या बिना जानकारी के दवाई, गोली उपभोक्ताओं को दे दी जाती है। इससे उनके साईड इफेक्ट झेलना पड़ते हैं। कई बार तो ग़लत दवाई देने के कारण मरीजों की जान पर बन आती है। जागरूकता का अभाव और कम पढ़ें लिखे होने के कारण ग्राहक इन दवाओं का डॉक्टर के पर्चे से मिलान भी नहीं करते हैं। इसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मनोज , अर्जुन, राजेश आदि नागरिकों का कहना है कि नगर में कई मेडिकल दुकानों पर गर्भनिरोधक गोलियों के साथ ही कई प्रतिबंधित दवाईयां बेची जाती है। जिनका संचालक द्वारा मनमाना रेट वसूला जाता है।

कोरोना के बाद खुले कई मेडिकल

कोरोना संक्रमण के बाद से तहसील क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों ने मेडिकल दुकानों का संचालन शुरू कर दिया है। इससे पहले नगर व ग्रामीण क्षेत्र में चुनिंदा दुकानें थीं, लेकिन अब बस स्टैंड, हाइवे किनारे व अन्य गली, मोहल्लों में मेडिकल दुकानों का संचालन किया जा रहा है। यही हाल ग्रामीण अंचल में भी है। जिन्हें बिना प्रशिक्षित लोग संचालित कर रहे है। इसके बाद भी विभाग इनकी जांच नहीं कर रहा है। नगर में लंबे समय से मेडिकल दुकानों की जाँच नहीं की गई है।

कई मेडिकल संचालक ही डॉक्टर की नहीं पढ़ पाते हैं पर्ची, दूसरी दे देते हैं दवाई

अधिकांश मेडिकल दुकानों पर बिना डिग्रीधारी और कम पढ़ें लिखे लोग बैठते हैं। जो कई बार डॉक्टर की पर्ची नहीं पढ़ पाते है। इनके द्वारा उपभोक्ताओं को ग़लत दवाईयां दे दी जाती है। कई बार तो संचालक बिना डॉक्टर की पर्ची के ही मरीज से बिमारी के लक्षण पूछकर अपने हिसाब से दवाईयां दे देते हैं। जिससे मरीज के स्वास्थ्य पर साईड इफेक्ट होने के साथ ही जान पर बन रही है। ढाबला के जगदीश ने बताया कि मेरी पत्नी की तबीयत खराब होने पर डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने जांच कर कुछ दवाइयां लिखी थी। उक्त पर्ची लेकर हाइवे किनारे एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचा तो दुकान पर बैठे एक युवक पहले तो पर्ची में लिखी दवाई को काफी देर तक समझता रहा, फिर मुझसे बिमारी के संबंध में जानकारी लेकर दवाई दी। जब उन दवाईयों को डॉक्टर से चेक कराई तो पता चला वह पर्ची में लिखी दवाई नहीं है। नगर के मांगीलाल ने बताया कि उनकी तबीयत खराब होने पर डॉक्टर को दिखाकर दवाईयां मेडिकल स्टोर से खरीद ली। संबंधित मेडिकल संचालक ने दवाई दिन में तीन बार लेने की बात कही थी, काफी दिनों तक जब ठीक नहीं हुआ तो वहीं दवाई दूसरे मेडिकल स्टोर से ली। वहां उन्होंने दवाई का सेवन सुबह और शाम करने को कहा। बाद में पता चला कि मैं दवाई का ओवर डोज ले रहा था। जिससे शरीर में कई साईड इफेक्ट देखने को मिलें। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मेडिकल संचालक के पास स्वयं की डिग्री नहीं है। वह किराए पर डिग्री लेकर दुकान चला रहे है

मेडिकल पर बेच रहे हैं खाद्य पदार्थ

कई मेडिकल दुकानों पर संचालक द्वारा चॉकलेट, चिंगम, बिस्कुट, हाजमोला सहित कई खाद्य पदार्थों की बिक्री की जा रही है, लेकिन खासबात यह है कि इनके पास फूड लाइसेंस नहीं है। बिना फूड लाइसेंस के खाद्य पदार्थ बेचना कानून के विरुद्ध है। लेकिन विभागीय अधिकारियों को अनदेखी के कारण संचालक यह खुलेआम और धड़ल्ले से कर रहे हैं।

जांच की जा रही है

जिलेभर में मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण की मुहीम चलाई जा रही है। जहां भी मेडिकल नियमानुसार संचालित नहीं हो रहे है वहा संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इछावर क्षेत्र में भी जल्दी ही मेडिकल दुकानों की जांच की जाएगी।

किरण कुमार मगरे, इंग्स इंस्पेक्टर सीहोर

विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 139 वा लाइव प्रसारण वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 188 पर स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्तिथि में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना ।कार्यक्रम में विशाल चौरसिया, सुशील संचेती, सर्वेश उपाध्याय, बूथ अध्यक्ष निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट एवं नोटरी, सर्वेश उपाध्याय, राजेश पचलासिया, युवा नेता कृष्णा शर्मा तथा भगवतसिंह मेवाड़ा, कुमेरसिंह ठाकुर, बलवीर ठाकुर, राजेश घेंघट, जितेंद्र सिठोलिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के विचारों और देशहित से जुड़े संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से संवाद करते हुए सामाजिक सरोकारों, जनभागीदारी, राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रसारण में प्रधानमंत्री जी द्वारा कही बात एवं संदेश को एक वीडियो जारी कर देश के नागरिको से वोकल फ़ॉर लोकल की अपील करते हुए नागरिको से अपील की है कि आने वाले दीपावली पर हम सभी अपने स्थानीय उत्पादकों के स्थानीय उत्पाद जैसे दिये, बाती मिठाई आदि खरीदे ताकि हमारे स्थानीय छोटे छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्तिथि मजबूत हो ओर उनके साथ साथ देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े ।

विशेष अभियान चलाने के निर्देश

सीहोर। मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग ने देवउठनी ग्यारस के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सभी कलेक्टरों को जारी निर्देशों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने, बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। निर्देशों के अनुसार, देवउठनी ग्यारस पर सामूहिक विवाह बड़ी संख्या में आयोजित होते हैं। ऐसे में बाल विवाह की आशंका को देखते हुए ग्राम एवं वार्ड स्तर पर निगरानी दल गठित किए जाएंगे।

छात्राओं ने अनुच्छेद 12 से 21 तक का किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



भारतीय संविधान को समझने और छात्राओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को वीणांचल एकेडमी स्कूल फॉर गर्ल्स, भैरूंदा में संविधान अध्ययन श्रृंखला की चौथी कक्षा आयोजित की गई। कक्षा का शुभारंभ छात्राओं ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ किया।कक्षा में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 12 से 21 तक का सामूहिक अध्ययन किया गया।

इस दौरान छात्राओं को बताया गया कि ये अनुच्छेद मुख्य रूप से मौलिक अधिकारों से संबंधित हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा, समानता, स्वतंत्रता और न्यायपूर्ण जीवन की नींव हैं।अध्ययन के दौरान अनुच्छेद 12 में राज्य की परिभाषा तथा अनुच्छेद 13 में मौलिक अधिकारों के विरुद्ध कानूनों के अमान्य होने से संबंधित प्रावधानों को समझाया गया। अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और कानूनों के समान संरक्षण का अधिकार देता है। अनुच्छेद 15 धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है, जबकि अनुच्छेद 16 सरकारी रोजगार में अवसर की समानता सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 17 अस्पृश्यता का अंत करता है और अनुच्छेद 18 उपाधियों के उन्मूलन से संबंधित है।इसी क्रम में अनुच्छेद 19 के अंतर्गत नागरिकों को प्राप्त छह प्रकार की स्वतंत्रताओं—वाक् एवं अभिव्यक्ति, शांतिपूर्वक और निरायुध सम्मेलन, संघ या संगठन बनाने, भारत में स्वतंत्र रूप से घूमने, देश के किसी भी भाग में निवास करने तथा कोई व्यवसाय, व्यापार या पेशा अपनाने की स्वतंत्रता—पर चर्चा की गई। अनुच्छेद 21 को विशेष रूप से समझाते हुए बताया गया कि किसी व्यक्ति को विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही उसके जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किया जा सकता है। यह अनुच्छेद गरिमापूर्ण जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण का महत्वपूर्ण आधार है।

अध्ययन को केवल व्याख्यान तक सीमित न रखते हुए छात्राओं को समूहों में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह ने अपने निर्धारित अनुच्छेदों का अध्ययन किया और उन्हें सरल भाषा में पूरी कक्षा के सामने प्रस्तुत किया। प्रस्तुतीकरण के दौरान छात्राओं ने अनेक प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर सहजकर्ता अजय पटेल एवं मुकेश पंवार ने दिए। उन्होंने संविधान के प्रावधानों को दैनिक जीवन के उदाहरणों से जोड़कर समझाया, ताकि छात्राएं उनके महत्व को आसानी से समझ सकें।उल्लेखनीय है कि संविधान अध्ययन श्रृंखला की कक्षा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित की जाती है।



नारी सशक्तीकरण मंच के शरद गरबा महोत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

शरद पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार रात होटल नर्मदा इन में नारी सशक्तिकरण मंच के तत्वावधान में शरद गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुए इस आयोजन में पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने गरबा और डांडिया रास की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया। डांडिया की थाप और गरबा के पारंपरिक संगीत पर थिरकती महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की महोत्सव के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने सामूहिक गरबा नृत्य में भाग लेकर आयोजन को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ ही आपसी मेलजोल और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने का अवसर मिला नारी सशक्तिकरण मंच की इस पहल का उद्देश्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना और भारतीय परंपराओं को प्रोत्साहित करना रहा कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुष्पा विजय सिंह राजपूत, श्री शोभा इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य प्रीति प्रवाह, कविता सिंह, श्रद्धा सिंह, कंचन शर्मा, संगीता शर्मा, पार्षद रजनी हरदयाल सिंह आजाद, अलका देशमुख, नमिता तिवारी और नीलम ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं सभी ने गरबा महोत्सव का आनंद लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शरद पूर्णिमा पर कांग्रेसजनों ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



रविवार को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर कांग्रेसजनों ने बस स्टैंड स्थित टाऊन हॉल पहुंचकर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर कांग्रेसजनों ने आम और आंवला के कुल 5 पौधे रोपे। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि आज के आधुनिकता के दौर में जहां विकास कार्यों के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है तथा ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत में छेद की घटनाएं होने से मानव जाति के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि हमें सबसे पहले तो वृक्षों की कटाई पर अंकुश लगाना चाहिए और सभी को अपने जीवन में कम से कम 10 फलदार और छायादार पौधों का रोपण जरूर करना चाहिए, जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहे तथा आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व पर आने वाला गंभीर संकट भी टल सके। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि हमें अपने जीवन में आने वाले हर खुशी के मौके पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और अन्य लोगों को भी इस हेतु प्रेरित करना चाहिए, ताकि हमारी खुशी में चार चांद लग सकें और हमारी खुशी के साथ ही पर्यावरण भी खुशहाल रहे। कहा कि ये केवल सरकार की नहीं बल्कि हम सब की जिम्मेदारी है कि हम पर्यावरण की सुरक्षा की शपथ लें, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक अच्छा और बेहतर भविष्य मिल सके और वो साफ तथा स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें।

फिरोज खान की संपत्तियों का आंकड़ा 21.65 करोड़ पहुंचा, बाजार कीमत 68 करोड़ से अधिक

देवास। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक फिरोज खान और उनके सहयोगियों के निवास एवं अन्य ठिकानों पर लोकायुक्त की सर्च कार्रवाई में संपत्तियों को लेकर नए तथ्य सामने आए हैं। 24 अक्टूबर तक की जांच में अब तक 21 करोड़ 65 लाख 39 हजार रुपये की चल-अचल संपत्ति का पता चला है। वहीं, 51 अचल संपत्तियों की वर्तमान बाजार कीमत लगभग 68 करोड़ 1 लाख 90 हजार रुपये आंकी गई है। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देशन तथा उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार सिंह और लोकायुक्त इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मार्गदर्शन में 14 अक्टूबर 2026 को फिरोज खान के विभिन्न आवासों और ठिकानों पर सर्च कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से विवेचना के दौरान संपत्तियों से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।जांच में देवास जिले के राजोदा में पहले सामने आई कृषि भूमियों के अतिरिक्त एक और भूमि की जानकारी मिली है। दस्तावेजों के अनुसार, रोशनी वर्मा और रानू कुशवाह के नाम पर 11 जून 2024 को पटवारी हल्का नंबर 68 में 1.15 हेक्टेयर कृषि भूमि खरीदी गई थी। इस भूमि की रजिस्ट्री में कीमत 1 करोड़ 65 लाख 2 हजार 498 रुपये दर्ज है, जबकि इसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 30 लाख रुपये बताई गई है। लोकायुक्त की अब तक की जांच में कुल 51 अचल संपत्तियां सामने आई हैं।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित

पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का हो रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में दस्तावेजों के पंजीयन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में पटवारी सहित संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों के पंजीयन की कार्यवाही कर रहे हैं। शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उन्हें पंजीयन के बाद दस्तावेजों का लाभ प्राप्त हो सके। विशेष शिविरों में पंजीयन कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा पंचायतों का भ्रमण किया जा रहा है। इस दौरान अधिकारी पंजीयन की कार्यवाही का निरीक्षण कर रहे हैं तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं, जिससे पंजीयन कार्य में तेजी लाई जा सके और पात्र हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के दस्तावेजों का पंजीयन कराना शासन की प्राथमिकता का कार्य है। कलेक्टर बालागुरु के. ने निर्देश दिए हैं कि पंजीयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही पंजीयन से वंचित न रहे। इसके लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए पंजीयन कार्य को जल्द पूरा करें।

वित्तीय साक्षरता और वित्तीय प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर के तत्वावधान में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में एडीआर सेंटर सभाकक्ष में वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय प्रबंधन विषय पर वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. नीलम टंडन, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, वेल बीइंग शिक्षा फाउंडेशन तथा सेबी पंजीकृत स्मार्ट ट्रेनर, नई दिल्ली ने वित्तीय नियोजन, बचत, निवेश और धन के उचित प्रबंधन के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय वैभव मंडलोई, विशेष न्यायाधीश हेमंत जोशी, जिला न्यायाधीश स्मृति सिंह ठाकुर एवं महेश कुमार वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता गुप्ता तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वप्नश्री सिंह सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, न्यायिक कर्मचारियों, पैनल लॉयर्स एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल, सीहोर के सदस्यगण ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना तथा बचत, निवेश एवं वित्तीय संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना था।

वेल्यू चेन योजना के तहत किसानों को निशुल्क वितरण करना था सोयाबीन

सरकार ने किसानों के लिए भेजा सोयाबीन कृषि अफसरों ने 6000 रुपए क्विंटल बेचा

मामला खरीफ फसल में कृषि विभाग में मिली 2098 वैरायठी सोयाबीन का, नकली बीज से किसानों को लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को बढ़ावा देने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के उदेष्य से करोड़ों रूपयों का खर्च कृषि विभाग के माध्यम से किया जा रहा है। लेकिन गंभीर विषय यह है कि कृषि विभाग के अफसर ही किसानों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। जिन किसानों द्वारा विभाग के ऊपर आंख बंद कर विष्वास किया जाता है, वहीं विभाग के अधिकारी किसानों को नकली बीज बेचने में लगे है। मामला ब्यावरा विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले कृषि विभाग के अधिकारियों का सामने आया है, जहा पर सरकार द्वारा वेल्यू चेन योजना के तहत खरीफ फसल 2026-27 के समय किसानों के लिए भेजी गई 2098 वैरायठी को बदलकर उसकी जगह नकली बीज लाकर बैच दिया गया है। किसानों ने इस मामले को उच्च लेवल पर जांच की मांग प्रषासन के सामने रखी है।

निःशुल्क मिलने वाली सोयाबीन के वसूले 6000 रूपए प्रति क्विंटल

नेषनल सीड कारपोरेषन द्वारा विभाग को उपलब्ध करवाई गई सोयाबीन में बहुत ही बढ़ा घोटाला हुआ है, या फिर यह योजना विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से किसानों को मिलने वाली 2098 वैरायठी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है। जहा किसानों को निःषुल्क मिलने वाली सोयाबीन के नकली बीज पैकिंग करवाकर 6000 रूपये प्रति क्विंटल ब्यावरा विकासखण्ड के अधिकारियों की मिली भगत से विभाग में पदस्त कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा करीब 150 क्विंटल सोयाबीन बैचने की जानकारी दी गई है। जिसका लाखों रूपयों में मुनाफा कमाया गया है।



इनका कहना है...

सोयाबीन बैरायठी के मामले में किसानों की शिकायत हमारे पास में जरूर आई थी, जिसको हमने भोपाल भेज दिया, एनएसपी की टीम द्वारा आकर किसानों के खेतों में निरीक्षण भी किया गया था, किसानों द्वारा कोई पैसे नहीं लिए गए है, अगर किसी ने लिए है, तो किसान को हमारे पास मे दो हम जांच करवा लेंगे।सूची छूट्टी होने के कारण हम उपलब्ध नहीं करवा सकते।

-दीपक वर्मा, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ब्यावरा।

ढाई बीघा जमीन से निकली मात्र 75 किलो सोयाबीन

कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार मामले में जब हरिभूमि रिपोंटर द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर पड़ताल की गई तो एक चाचाखेड़ी के किसान लक्ष्मीनारायण ने बताया कि विभाग द्वारा नकली बीज देने के कारण हमे ढाई बीघा जमीन से 75 किलो सोयाबीन निकली है। ऐसे में हमे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जून माह में बोई गई सोयाबीन को 23 अक्टूंबर को कटाई कर निकाली गई है। ग्राम सेवक ली गई एक क्विंटल सोयाबीन के बदले 6000 रूपये लिए गए थे। वहीं चाटा के एक किसान षिवनारायण ने बताया कि मेरे द्वारा भी 1 क्विंटल सोयाबीन ली गई थी, जिसका ग्राम सेवक दीपक वर्मा द्वारा 6200 रूपये लिए गए है। मुझे बताया गया था कि आपके सब्सीडी डल जाएगी, जो आज दिनांक नहीं आई है, और बीज भी खराब मिला है। जब इस संबंध में संबंधित अधिकारी से सोयाबीन देने वाले किसानों की सूची मांगी गई तो वह आना-कानी करने में लग गए।

स्वच्छता के महत्व पर दिया जोर

पीएम नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने किया श्रवण




हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ग्राम बिलांत्री में श्रवण किया। रविवार को इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका मुकेश गिरी गोस्वामी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अपने वार्ड, गांव एवं शहर को स्वच्छ रखने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें अपने गांव पर गर्व करना चाहिए और गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और खेल के मैदान भी स्वच्छ रहें, इसका विशेष ध्यान रखें। बच्चों में स्वच्छता की आदत बचपन से विकसित हो, इसके लिए बड़ों को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। हम जैसा व्यवहार करेंगे, बच्चे भी उसी का अनुसरण करेंगे। इसलिए स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाने में सभी सहभागी बनें।

शिक्षक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से पीटा, पुलिस ने 3 पर दर्ज किया केस

स्कूल से लौटते में रेलवे स्टेशन जोड़ के पास वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शासकीय कन्या शाला स्कूल में पदस्थ शिक्षक सुभाष शर्मा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिक्षक की शिकायत के अनुसार शुक्रवार को स्कूल से घर लौटते समय रेलवे स्टेशन जोड़ के पास कार सवार तीन लोगों ने उनका रास्ता रोककर प्लास्टिक के डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में शिक्षक के पेट, बाईं कलाई, छाती के पास और हाथ-पैरों में चोटें आईं। आरोपियों ने जाते समय उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने देर रात मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, शिक्षक सुभाष शर्मा मोती मोहल्ला, सारंगपुर में रहते हैं और शिवधाम कॉलोनी स्थित शासकीय कन्या शाला स्कूल में अध्यापक के पद पर पदस्थ हैं। घटना वाले दिन शाम करीब 4रू30 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वे अपने साथी शिक्षक संजय नागर की मोटरसाइकिल पर पीछे बैठकर सारंगपुर की ओर आ रहे थे। रेलवे स्टेशन जोड़ के पास सड़क किनारे एक कार में बैठे तीन लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल रुकवाई। इसके बाद तीनों ने शिक्षक को रोककर प्लास्टिक के डंडों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायत के मुताबिक, इसी दौरान एक आरोपी ने गुलेल से पत्थर भी मारा। हमले में शिक्षक के पेट, बाईं कलाई, छाती के पास तथा हाथ-पैरों में चोटें आईं। शिकायत में बताया गया कि घटना के दौरान साथी शिक्षक संजय नागर, शिक्षक छगनलाल मालवीय, गोविंद नागर और अन्य लोगों के पहुंचने पर तीनों आरोपी कार में बैठकर भागने लगे। जाते समय उन्होंने शिक्षक को जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक ने बताया कि वे आरोपियों को नहीं जानते और उनकी कार का नंबर भी नहीं देख पाए।

देर रात दर्ज किया मामला

घटना के बाद शिक्षक ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद देर रात मामला दर्ज कर जांच में लिया। वही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि शिकायत में बताए गए घटनाक्रम के आधार पर आरोपियों की पहचान और हमले के कारणों की जांच जारी हैं।

पीएम श्री शासकीय बालक विद्यालय में ये हाल- न तेल है, न मसाला, न पोषण

मासूम की थाली में छलावा, पोषण के नाम पर पानी वाली सब्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

शासन की मंशा है कि कोई बच्चा भूखा न रहे और कुपोषण खत्म हो, लेकिन सुठालिया के पीएम श्री शासकीय बालक विद्यालय में इस मंशा की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

तस्वीर बयां कर रही हैं दर्द

हाथ में आई ताजा तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि बच्चों की थाली में सब्जी के नाम पर सिर्फ पीला पानी है। न तेल है, न मसाला, न पोषण। सूखी रोटी के साथ ऐसी सब्जी परोसी जा रही है जिसे बड़ा आदमी भी न खा सके, तो ये मासूम कैसे खाएं मेन्यू में पौष्टिक भोजन लिखा है, लेकिन थाली में पहुंच रहा है सिर्फ समझौता।



हर बार रफा-दफा, इस बार नहीं चलेगा बहाना

यह पहली बार नहीं है। पिछली बार जब इसी स्कूल की तस्वीरें वायरल हुई थीं, तो जिम्मेदारों ने कह दिया था - यह पुराना फोटो है और मामले को दबा दिया गया। लेकिन आज की तस्वीरें लाइव हैं, ताजा हैं, जो पूरे सिस्टम पर सवाल खड़ी कर रही हैं।

प्राचार्य की भूमिका पर सबसे बड़ा सवाल

इतनी बार हकीकत सामने आने के बाद भी स्कूल प्राचार्य ने आज तक समूह संचालक के खिलाफ एक भी लिखित कार्रवाई क्यों नहीं की? न नोटिस, न पंचनामा, न शिकायत। क्या वजह है कि प्राचार्य हर बार चुप्पी साध लेते हैं? कहीं इस चुप्पी के पीछे कोई मिलीभगत तो नहीं? यह सवाल अब हर अभिभावक के मन में है और प्राचार्य भी अब सवालों के घेरे में हैं।

किसके संरक्षण में चल रहा है समूह संचालक?

क्षेत्र में चर्चा है कि मध्यान्ह भोजन समूह संचालक पर किसी रसूखदार नेता का हाथ है, इसी कारण अधिकारी भी उस पर हाथ डालने से बचते हैं। अगर ऐसा नहीं है तो आज तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

इनका कहना है

आप मुझे स्कूल का नाम बताइए, मैं तत्काल नोटिस जारी करवाता हूं। बच्चों के भोजन से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-जी.के. दुबे, बीआरसी ब्यावरा

गायत्री मंदिर में नौ दिवसीय नवरात्रि पर धार्मिक अनुष्ठान के बाद कन्या भोज आयोजित

गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ध्यान-साधना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर के आवास कॉलोनी स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ध्यान-साधना की गई। नौ दिनों तक मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने धार्मिक गतिविधियों में भाग लेकर माता की आराधना की।

नवमी के पावन अवसर पर गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया।विजयादशमी पर रावण दहन उपरांत राम सवारी का परम्परा अनुसार गायत्री मंदिर ट्रस्ट संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी एवं पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा सहित उपस्थित ट्रस्टीयों ने स्वागत किया तथा आरती उतारी।इसी क्रम में शुक्रवार को गायत्री परिवार महिला मंडल के तत्वाधान में कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें कन्याओं को भोजन कराकर उनका पूजन किया गया।

इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के ट्रस्टी सूरजमल भावसार, देवनारायण दांगी, राधाबल्लभ गुप्ता प्रोफेसर, बलराम टांक, दिनेश जमींदार एवं राजेश राठौर एवं महिला मंडल की महिलाएं जिन्होंने कन्या भोज का आयोजन किया उनमें प्रमुख रूप से श्री मती ज्योत्सना दांगी, चंदन राठौड़, देवबाला खुजनेरी, मंजू गुप्ता, संगीता भावसार, सुमित्रा गुप्ता, उर्मिला गुप्ता, सरजुबाई भानपुरा, बिन्दु सोनगिरा सहित समस्त महिलाओं ने सहभागिता की। धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

उपचार के दौरान विवाहिता की मौत, ससुर ने दामाद पर लगाया जहर देने का आरोप

तीन साल पहले हुई थी शादी, डेढ़ साल की बेटी की मां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शनिवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में एक विवाहिता की मौत से जुड़ा मामला सामने आया। जानकारी के अनुसार, ग्राम वदेशी निवासी सोना पति जगदीश (24 वर्ष) की शाजापुर के गोयल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मृतका के पिता ने अपने दामाद पर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया।

मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पति जगदीश ने बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले देवास में हुई थी। दोनों की डेढ़ वर्ष की एक बेटी भी है। शादी के बाद से ही सोना की तबीयत खराब रहने लगी थी। उसने पत्नी का सारंगपुर, शाजापुर और उज्जैन सहित कई जगहों पर उपचार कराया। चिकित्सकों ने सोना को टीबी की बीमारी होना बताया था, जिसका इलाज भी चल रहा था। जगदीश के अनुसार, शनिवार को शाजापुर के गोयल हॉस्पिटल में उपचार के दौरान सोना की मौत हो गई। इसके बाद जगदीश अपने परिजनों के साथ सोना का शव लेकर ग्राम वदेशी पहुंचा और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगा। हालांकि, परिजनों की सलाह और समझाइश के बाद शव को एंबुलेंस से सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया।

यहां डॉ. रवि चंद्रावत ने शव का परीक्षण करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम के बाद शव पति और परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा।

दशहरा पर्व पर बारिश से प्रभावित 35 छोटे व्यापारियों को नप अध्यक्ष ने दी सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़ /मंदसौर

रावण दहन के दिन लगे मेले में दशहरे के त्योहार के दौरान हुई असमय वर्षा के कारण आर्थिक नुकसान झेलने वाले छोटे व्यापारियों की मदद के लिए नगर परिषद ने एक सराहनीय पहल की है। नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव, नगर के सेवाभावी जनों पार्षदों, एल्डरमैन और नप कर्मचारियों ने आपस में फंड जुटाकर प्रभावित हुए 35 छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। मिली जानकारी के अनुसार, दशहरे के मेले(रावण दहन) और त्योहार के समय हुई भारी बारिश से नगर के कई छोटे दुकानदारों और अन्य सामग्री बेचने वाले व्यापारियों का काफी नुकसान हो गया था। व्यापारियों की इस परेशानी को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने संवेदनशीलता दिखाई। उन्होंने परिषद के सदस्यों और नगर के विशिष्ट जनों के साथ मिलकर स्वेच्छा से एक विशेष फंड तैयार किया। इस एकत्रित सहायता राशि को अध्यक्ष निवास पर सभी 35 प्रभावित व्यापारियों को एक बैठक में बुलाकर सम्मानपूर्वक वितरित किया गया। आपदा के समय मिली इस त्वरित आर्थिक मदद से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।

व्यापारियों ने जताया आभार

नप अध्यक्ष और पूरी टीम के इस कदम से अभिभूत होकर सभी व्यापारियों ने मिलकर सभी का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। व्यापारियों ने नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र यादव को साफा बांधकर, श्रीफल भेंट कर और माला पहनाकर उनका आत्मीय सम्मान किया। इस दौरान नगर के कई पार्षद, एल्डरमैन और नपा कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

शिवना शुद्धिकरण अभियान में 1 ट्रॉली कचरा निकाला

आस्था भी बनी रहे और शिवना स्वच्छ-निर्मल रहेः विधायक जैन







हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना शुद्धिकरण अभियान के 147वें दिन सभी श्रमदानियों ने एकजुट होकर शिवना नदी में श्रमदान किया। शिवना योद्धाओं ने शिवना नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। रविवार को श्रमदान के दौरान नदी किनारे,घाटों एवं नदी के भीतर फैले प्लास्टिक कचरे, गंदगी और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालकर सफाई की गई। नदी के आसपास पड़ा कचरा भी हटाया गया, क्योंकि यही कचरा दोबारा नदी में पहुंचकर जल को प्रदूषित करता है। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी हमारी आस्था और शहर की पहचान है, इसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। नदी में लगातार कचरा फेंकने से नदी की सुंदरता के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। जैन ने सभी नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि पूजन सामग्री नदी में प्रवाहित न करें। नदी किनारे रखे गए निर्धारित कलश में ही पूजन सामग्री डालें, ताकि आस्था भी बनी रहे और शिवना नदी भी स्वच्छ एवं निर्मल बनी रहे।

जैन ने नगर के सभी आमजन से आग्रह किया किप्रति रविवार को प्रातः 7 से 9 बजे तक चलने वाले श्रमदान में सहभागिता करें। श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन समाज सेवियों में हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, राकेश जेन पिन्टू, पंकज जैन, बालकृष्ण दवे, शांतिलाल मेमावत टोलखेड़ी, पंकज जैन, डॉ संभव जैन महिला नेत्रियों में इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, अनीता भदोरिया, कौशल्या त्रिवेदी, कांग्रेसजन मे सर्वश्री राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, संजय नाहर, खलील पठान, विश्वास दुबे, अजय दुबे, अजय सोनी, महेश गुप्ता, साबिर इलेक्ट्रीशियन, कैलाश कुमावत, गणपत कुमावत, विजय सिंह सिसोदिया, सादिक गोरी, राकेश सेन, आमीन खान, मंगल गवली, संजय बारोट, अंसार मेव, राजेश चौधरी, ऋषिराज लाड़, कनिष्क सोनी आदि ने श्रमदान में सहभागिता की।

खबर संक्षेप

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ ना हो भेदभाव करें शिकायत

सीहोर। श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग की और से जारी पत्र में कहा गया है कि समस्त कारखानों, वाणिज्यिक, शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक द्वारा जिला श्रम कार्यालय, सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, व्हाट्सएप नंबर 07552555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

जिला स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश

सीहोर। संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण-2027 की प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय पर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों विशेष रूप से दिव्यांगजनों, प्रवासियों एवं बुजुर्ग मतदाताओं को चुनावी सेवाओं तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराना है। इस कार्य के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सीहोर के सहायक संचालक महेश कुमार यादव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्देशानुसार हेल्प डेस्क का कार्य सुचारू रूप से संचालित करने निर्देश दिए गए हैं।

जावर पुलिस को मिली सफलता, डिजिटल कैमरों की चोरी का किया खुलासा

भोपाल से पकड़े आरोपियों से डिजिटल कैमरे और हार्ड डिस्क की बरामद

चोरी के अरोपियों को पकड़ने जावर थाना प्रभारी ने बनाई थी विशेष टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर पुलिस ने चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए भोपाल के 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गए चार डिजिटल कैमरे और दो हार्ड डिस्क बरामद की गई हैं, जिनकी कीमत लगभग 3 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सीहोर सोनाक्षी सक्सेना द्वारा जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावर श्याम कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

यह है पूरा मामला

फरियादी शुभम सोनी निवासी जावर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की देर रात हाईवे के पास ग्वाली रोड स्थित उनकी दुकान सोनी स्टूडियो का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चार डिजिटल कैमरे किट सहित और दो हार्ड डिस्क चोरी कर ले गए। इस पर थाना जावर में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तकनीकी साक्ष्यों से पकड़े गए आरोपी

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी जावर द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से भोपाल में दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से तीन डिजिटल कैमरे जब्त किए। पूछताछ में पता चला कि उन्होंने चोरी का माल भोपाल के एक व्यक्ति को बेचा था।पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले चौथे आरोपी मो. अजहर उद्दीन को भी गिरफ्तार कर उसके पास से एक डिजिटल कैमरा और 02 हार्ड डिस्क जब्त की। प्रकरण में धारा का इजाफा किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम

चिराग पाठक पिता सुधीर पाठक, उम्र 21 वर्ष, निवासी रतन कॉलोनी, करोंद, भोपाल।अभिषेक कुशवाह पिता टीकाराम कुशवाह, उम्र 24 वर्ष, निवासी दुर्गा नगर, करोंद, भोपाल।भारत अहिरवार पिता प्रेमनारायण अहिरवार, उम्र 24 वर्ष, निवासी शंकर नगर, करोंद, भोपाल।मोहम्मद अजहर उद्दीन पिता मोहम्मद रियाज उद्दीन, उम्र 27 वर्ष, निवासी मोतीलाल नगर, करोंद, भोपाल।थाना जावर पुलिस द्वारा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार सूर्यवंशी, उनि. बीएल मालवीय, प्रआर सुरेश परमार, आरक्षक अनिल, राहुल, सुरेन्द्र, नरेन्द्र एवं सायबर सेल सीहोर से सुशील साल्वे व शैलेन्द्र राजपूत की सराहनीय भूमिका रही।

परीक्षा में उत्साह के साथ शामिल हुए नवसाक्षर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन शनिवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस परीक्षा मे सीहोर जिले के सभी 5 विकासखंडो के 1529 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में सीहोर जिले के 65000 नवसाक्षर शामिल किये जाने का लक्ष्य रखा गया था। केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षर व्यक्तियों को बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। देशभर में यह कार्यक्रम वर्ष-2022 से चल रहा है जो वर्ष-2027 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में वर्ष में 2 बार बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का समय प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक था। इस परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार केन्द्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में शामिल हुए। जिला कलेक्टर बालागुरु के., मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव, जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा जिला परियोजना समन्वयक आरआर उईक जिला प्रोढ़ अधिकारी श्री के.एम. सोलंकी द्वारा बताया गया,कार्यक्रम में अभी तक 06 मूल्यांकन परीक्षाओं का आयोजन किया जा चुका है। नवभारत साक्षरता बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में उत्तीर्ण नवसाक्षरों को राष्ट्रीय मुक्तविद्यालयी संस्थान द्वारा साक्षरता परीक्षा का प्रमाण-पत्र भी जारी किया जायेगा। नवसाक्षरों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में अक्षर साथी, सामाजिक संस्था, वरिष्ठ नागरिकों, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद और आमजन का भी सहयोग भी लिया गया। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के एम सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला समन्वयक, लखनलाल माहेश्वरी, बीआरसीसी अशोक वर्मा, संकुल प्राचार्य डॉ. हेमलता राठौर द्वारा केन्द्रो का निरीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में वार्ड 10 के पार्षद ने उठाया वार्ड की समस्याओं का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मध्यप्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में लगातार जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयोजित शिविर में वार्ड नंबर 10 के पार्षद मदन विश्वकर्मा ने अपने वार्ड की मूलभूत समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा।शिविर में पार्षद मदन विश्वकर्मा ने बताया कि वार्ड में कई पात्र हितग्राही आज भी शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने वार्ड में पेयजल, नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट और आवास योजनाओं से जुड़ी समस्याओं की ओर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की।इस अवसर पर उपस्थित विधायक और पार्षद ने हितग्राहियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को शासन की सेवाओं और योजनाओं से जोड़ना तथा उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य और सामाजिक न्याय विभाग से जुड़ी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाया जा रहा है। पार्षद मदन विश्वकर्मा ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता वार्ड के हर जरूरतमंद को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाना और वार्ड के विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जन विश्वास अभियान से आम लोगों में शासन के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोग खुलकर अपनी समस्याएं रख पा रहे हैं।

उत्सव समिति अध्यक्ष और सदस्यों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



असत्य पर सत्य की विजय का पर हर वर्ष दशहरा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आष्टा में मनाया गया। इस वर्ष मनाया गया दशहरे को जिस तरह विजयदशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी के नेतृत्व में विजयदशमी समिति के सभी सम्मानित सदस्यों ने एकता के साथ विजयदशमी पर्व के चल समारोह को ऐतिहासिक रूप दिया एवं रावण दहन स्थल पर जिस तरह कार्यक्रम को डिजिटल रूप दिया गया। उसके लिए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विजयदशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी के नेतृत्व में पूरी टीम को आमंत्रित कर उनका स्वागत और सम्मान किया तथा सभी को ऐतिहासिक दशहरा मनाया जाने पर विजयदशमी उत्सव समिति को एवं आष्टा नगर के समस्त सनातन प्रेमियों को तथा सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सहयोगियों को धन्यवाद और बधाई दी।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विजयदशमी उत्सव समिति के सभी संरक्षक, सभी पदाधिकारी, धन संग्रहण समिति, रावण निर्माण समिति सहित अन्य सभी उप समितियां के सभी सम्मानित सदस्यों का विधायक श्री इंजीनियर ने रामनामी दुपट्टा डाल कर के स्वागत सम्मान किया । विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने इस अवसर पर मोहित सोनी के नेतृत्व में इस वर्ष जो दशहरा मनाया गया निश्चित रूप से उसने एक ऐतिहासिक दशहरे की अमिट छाप छोड़ी है तथा आज जो दशहरा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और मनाया गया उसके लिए निश्चित रूप से आष्टा नगर का प्रत्येक हिंदू समाज का नागरिक, सभी सामाजिक संगठन, सभी समाजों के प्रमुख, सहयोगी के रूप में सहयोगी बने हैं।

विधायक ने नगर के सभी सनातन प्रेमियों को एवं विजय दशमी उत्सव समिति के सदस्यों को बधाई और शुभकामना देता हूं तथा यही आशा करता हूं की आष्टा नगर में हिंदू समाज के समस्त त्यौहार इसी तरह एकता, सहयोग से मने और इसी तरह सनातन प्रेमियों का सहयोग सभी समितियां को प्राप्त हो। सम्मान समारोह में विधायक श्री इंजीनियर ने विजयदशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी को अपनी ओर से समिति को सम्मान निधि भेंट की ।

इस अवसर पर विजयदशमी उत्सव समिति के संरक्षण शेषनारायण मुकाती,सुनील कुशवाह, सतीश मुकाती, योगी सक्सेना, विशाल चौरसिया, सौरभ जैन शीतल, पंकज यादव आनंद गोस्वामी,कुशलपाल लाला, सुनील कुशवाह, सतीश मुकाती, कपिल जैन, नरेंद्र कुशवाह पटेल, सोनू रांका, रितिक गौतम, कृष्णा शर्मा, सर्वेश जाटव, पप्पू कुशवाह, छन्नू कुशवाह, दीपक सोनी, महेंद्र विश्वकर्मासहित सभी सदस्यों का भी स्वागत सम्मान किया गया।

कपड़ा व रेडीमेड व्यापारी संघ ने मनाया दीपावली मिलन समारोह, नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी संघ द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर एक निजी गार्डन में भव्य दीपावली मिलन एवं नवनियुक्त कार्यकारिणी शपथ विधि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।समारोह में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द, भाईचारे तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया।

दीपों के इस पर्व पर व्यापारियों ने आपसी सहयोग और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।संघ के अध्यक्ष महेश जाट ने बताया कि इस बार दीपावली मिलन समारोह के साथ-साथ नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया था। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य सभी कपड़ा व्यापारियों को एकजुट रखना, उनके व्यापारिक हितों के लिए काम करना और सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी निभाना है। ऐसे आयोजन व्यापारियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ाते हैं और संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने की।

विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार मौजूद रहे। इसके अलावा व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौड़ सहित कई व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी और वरिष्ठ व्यापारी उपस्थित थे।अंत में सभी व्यापारियों ने आने वाले व्यापारिक वर्ष में सुख-समृद्धि और तरक्की की कामना की।

मलेरिया से बचाव के लिए घरों के आसपास पानी जमा न होने दें, नालियों को साफ रखें: सीएमएचओ

सीहोर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जनहित में जिलेवासियों से मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखना तथा मच्छरों के प्रजनन को रोकना अत्यंत आवश्यक है। डॉ. डेहरिया ने बताया कि जिले में जहां भी मलेरिया के पॉजिटिव प्रकरण पाए जाने की संभावना या बुखार की सूचना मिलती है वहां निर्धारित शासन के प्रोटोकॉल के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच, मलेरिया पॉजिटिव प्रकरणों की निगरानी, लार्वा सर्विलांस तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए कीटनाशक वलार्वानाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम एवं मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं। सर्विलेंस जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फीवर सर्विलांस, लार्वा सर्विलांस तथा कीटनाशक दवा के छिड़काव की जा रही है। डॉ. डेहरिया ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों एवं आसपास गड्ढों में पानी जमा न होने दें।

खिलाड़ियों ने डिप्टी डायरेक्टर से खेल सामग्री ग्राउंड को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के चर्च मैदान को फुटबाल हाउस बनाए जाने की गतिविधियां तेज हो गई है। इसको लेकर डिप्टी डायरेक्टर इंडियन साइन की ओर से शंभू यादव, प्रदीप अस्थियां खेल एवं युवा कल्याण की अधिकारी रुबिका दीवान, खेल प्रशिक्षक सुयश कनौजिया इंटरनेशनल प्लेयर खेल प्रशिक्षक मनोज कनौजिया सचिव आनंद उपाध्याय एवं अन्य खिलाड़ियों ने डिप्टी डायरेक्टर से खेल सामग्री ग्राउंड को लेकर चर्चा की। डिप्टी डायरेक्टर श्री यादव ने 20 मिनट तक खिलाड़ियों से खेल के ऊपर चर्चा की आप प्रोफेशनल खिलाड़ी बने टारगेट लेकर चले कम से कम 150 मिनट का प्रतिदिन अभ्यास करें, पढ़ाई और खेल पर ध्यान दें चर्च ग्राउंड को हम फुटबॉल हाउस बनाएंगे, फुटबॉल हाउस मध्य प्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण के नाम से यह ग्राउंड जाना जाएगा खेल के कई आधुनिक इंस्ट्रूमेंट हम आपको उपलब्ध कराएंगे आप अच्छे खेल का प्रदर्शन करें अच्छे खिलाड़ी बने प्रत्येक खिलाड़ी से चर्चा करते हुए उन्हें किस खेल सामग्री की आवश्यकता है इस पर भी चर्चा की।

टेकचंद महाराज की जयंती पर दर्जी समाज ने निकाला चल समारोह

वरिष्ठजनों और महिला, युवक-युवती मंडल के सदस्यों का किया सम्मान





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जूना गुजराती दर्जी समाज के आराध्य देव संत शिरोमणि टेकचंद जी महाराज की जयंती के अवसर पर समाजजनों द्वारा नगर में एक भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। यह चल समारोह नए थाने के पास स्थित टेकचंद जी महाराज के मंदिर से प्रारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कॉलोनी चौराहा पहुंचा। चल समारोह के दौरान एक आकर्षक रथ पर टेकचंद महाराज की चित्रात्मक छवि विराजमान थी, जिस पर समाजजनों ने पुष्प अर्पित किए। कॉलोनी चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा और हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती ने चल समारोह में शामिल समाज के वरिष्ठजनों एवं महिला मंडल, युवक-युवती मंडल के सदस्यों का साफा बांधकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि संत महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने समाज के इस आयोजन की सराहना की और सभी को जयंती की शुभकामनाएं दीं। चल समारोह में समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा उत्साह के साथ शामिल हुए। स्वागत के दौरान पार्षद रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, एल्डरमेन शिवलाल प्रजापति, बसंत पाठक, मोहित प्रजापति, पूरणसिंह मेवाड़ा मौजूद थे।

हिंदू उत्सव समिति ने किया जुलूसों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर बाघ वाली माता को लव कुश जयंती के उपलक्ष्य में कुशवाह समाज की ओर से भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। नगर में यात्रा का हिंदू उत्सव समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रदीप राठौर, देवकरण पहलवान, दीपक सोनी, मारूती , सुनील प्रजापति सहित हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती ने चुनरी यात्रा का स्वागत कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। वहीं, शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री दामोदर गुजराती दर्जी समाज, आष्टा द्वारा टेक चंद जी महाराज के 215वें समाधि महोत्सव 2026 के अंतर्गत भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का हिंदू उत्सव समिति द्वारा स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर सिंह मेवाड़ा सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने भी शोभायात्रा का स्वागत कर गुरुदेव के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।स्वागत करने वालों में रवि शर्मा, बसंत पाठक, तेज सिंह राठौर, आशीष बैरागी, प्रदीप राठौर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान नगर में धार्मिक उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की।